# कसौटी पर परखे गए मंत्री विजय शाह और नागर सिंह चौहान

## सीएम हाउस में लगातार दूसरे दिन भी चला मंत्रियों से वन-टू-वन का सिलसिला

▸ 10 मंत्रियों ने रखा सीएम के सामने रिपोर्ट कार्ड




**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 मई. मुख्यमंत्री निवास में लगातार दूसरे दिन मंत्रियों से वन-टू-वन का सिलसिला चला. इस दौरान लगभग 10 मंत्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रिपोर्ट कार्ड पेश किया.**

दूसरे दिन प्रदेश के सबसे विवादित मंत्री रहे कुंवर विजय शाह भी शामिल थे, जिन्होंने सरकार और संगठन के सामने विभाग के कामकाज के साथ ही संगठन में किए गए कामकाज का ब्यौरा पेश किया. दूसरे दिन एक और विवादित मंत्री नागर सिंह चौहान ने भी सीएम के सामने रिपोर्ट कार्ड पेश किया. दरअसल रविवार को वन-टू-वन के दौरान प्रदेश की पीएचई मंत्री और अलीराजपुर की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके ने नागर सिंह चौहान पर ये कहकर सवाल उठा दिया था कि उनका शराब का कारोबार है. ऐसे में उनसे क्या बात कर सकते हैं. ये दोनों मंत्री कसौटी पर ज्यादा परखे गए.

बताया जा रहा है कि वन-टू- वन के दौरान चौहान को इस तरह के व्यापार-व्यवसाय से बचने की नसीहत दी. समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी मौजूद थे. सोमवार को वन-टू-वन की शुरुआत प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ हुई. दरअसल राकेश सिंह छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री भी है. छिंदवाड़ा जिला प्रदेश का वह जिला है, जहां भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली थी, यानी लोकसभा चुनाव में भले ही यहां भाजपा के बंटी साहू चुनाव जीत गए थे और कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ चुनाव हार गए थे, लेकिन उसके बाद भी ये माना जा रहा है कि छिंदवाड़ा जिला कमलनाथ का मजबूत किला बना हुआ है, जिसे भाजपा के लिए ढहाना आसान नहीं है.

लिहाजा प्रभारी मंत्री ने छिंदवाड़ा जिले में किए गए प्रवास के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और जिले के पदाधिकारियों के साथ समन्वय को लेकर पूछताछ की गई. राकेश सिंह भी पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं. लिहाजा छिंदवाड़ा किले में सेंध लगाने के लिए उनकी रणनीति के बारे में जानकारी ली गई, उनसे भी अगले विधानसभा चुनाव के लिए जिले के संभावित भाजपा उम्मीदवारों के नाम पूछे गए. किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना को जाति की राजनीति से बाहर आने की नसीहत दी गई. इसी तरह मंत्री नारायण सिंह पंवार को मंत्री पद से इस्तीफे की धमकी पर चेतावनी दी गई. उन्हें बताया गया कि इस तरह की बयानबाजी से ये संदेश जाता है कि सरकार में सब ठीक नहीं चल रहा है. सोमवार को मंत्रियों में तुलसी सिलावट, राकेश शुक्ला, दिलीप जायसवाल, धर्मेंद्र लोधी, दिलीप अहिरवार, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह से भी वन-टू-वन किया गया.

### आज मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 मई को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में हिस्सा लेंगे. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और मध्य क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष अमित शाह बैठक की अध्यक्षता करेंगे. बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ही जगदलपुर के लिए रवाना हो गए हैं. बैठक में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य हिस्सा लेंगे, जो परिषद में शामिल हैं. छत्तीसगढ़ राज्य सरकार इस बैठक की मेजबानी कर रही है. मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के मध्य तथा राज्यों के बीच आपसी मामलों पर विचार-विमर्श कर उनके सौहार्दपूर्ण निपटारा करना है. बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे. मध्यक्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार 19 मई को प्रात:11 बजे से बस्तर, छत्तीसगढ़ में होगी. बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव, नीति आयोग के प्रतिनिधि, अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्यगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे. परिषद की पिछली बैठक गत वर्ष जून माह में वाराणसी में हुई थी.

# सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आज की जरूरत



▸ वॉट्सएप चेटबॉट का शुभारंभ करते हुए ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आज की जरूरत है. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर कार्य करने को कहा. नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिये महत्वपूर्ण है.**

उन्होंने इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये सभी बैंकर्स और सोलर एनर्जी सेक्टर में कार्य करने वाले वेंडर्स से समन्वय पूर्वक कार्य करने का आग्रह किया.

ऊर्जा मंत्री तोमर और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वॉट्सएप चेटबॉट, सोलर चाचा और मेरा सोलर-बड़ा होनहार प्रचार अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं कॉउंसिल ऑफ एनर्जी एन्वायरमेंट एंड वॉटर सीईईडब्ल्यू के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### वेंडर्स की जिज्ञासाओं का किया समाधान

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक अमनबीर सिंह बैंस ने बेंकर्स और वेंडर्स से सीधे संवाद कर जिज्ञासाओं का समाधान किया. उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में समन्वित प्रयास किये जायेंगे. इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी. उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1,97,663 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 1,25,291 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं. इनकी कुल क्षमता 469 .39 मेगावाट है. भारत सरकार द्वारा इन स्थापनाओं के लिए अब तक 888 .26 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया जा चुका है. कार्यक्रम में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एजेंसियों को मंत्री तोमर और मंत्री शुक्ला ने मंच से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये. कार्यक्रम में नवकरणीय ऊर्जा कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारी तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कार्यरत पंजीकृत वेंडर्स मौजूद थे.

## दादौरिया बने अजाक्स के प्रांतीय महासचिव



**भोपाल, 18 मई.** मप्र अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (म.प्र.अजाक्स) के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने नई नियुक्तियां की हैं. शासकीय सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भोपाल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत इंजी. आर.के. दादौरिया कोप्रांतीय महासचिव नियुक्त किया गया है. प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने बताया कि संगठन को प्रदेश स्तर पर और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के लिए यह नियुक्ति की गई है. इंजी. दादौरिया लंबे समय से मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा विभागीय समिति अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष रहे हैं. अपनी नियुक्ति के लिए दादौरिया ने प्रांताध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य व कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष विशेष गढ़पाले आभार माना है.

# मुख्य संरक्षक बनने पर विधायक सबनानी का अभिनंदन

▸ पर्यटन मुख्यालय में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल, 18 मई. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र पूरे मध्यप्रदेश में अधिकारी-कर्मचारियों की विधानसभा के रूप में विख्यात है, मंत्रालय सहित प्रदेश के अनेक प्रमुख शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय, शासन के उपक्रम, पर्यटन भवन तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की भोपाल स्थित अधिकांश इकाइयां इसी क्षेत्र में संचालित होती हैं. साथ ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी भी इसी क्षेत्र में निवास करते हैं. ऐसे में क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते अधिकारी-कर्मचारियों का संरक्षक होना स्वाभाविक है.**

यह बात भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी ने पर्यटन भवन मुख्यालय में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन अधिकारी/कर्मचारी महासंघ के कार्यक्रम में कही.



कार्यक्रम में महासंघ द्वारा विधायक भगवानदास सबनानी को सर्वसम्मति से 'मुख्य संरक्षक' नियुक्त किए जाने पर उनका अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की अपनी विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा है, निगम अपनी उत्कृष्ट अतिथि सत्कार परंपरा, सेवाओं और सुविधाओं के कारण पर्यटकों के बीच विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक बना हुआ है. उन्होंने कहा कि निगम की यह प्रतिष्ठा उसके अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और कार्यकुशलता का परिणाम है.

कार्यक्रम को निगम मंडल अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अजय श्रीवास्तव 'नीलू' ने कहा कि निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों लिए भी नीति बनाने की आवश्यकता है. इसके लिए हम सभी को समग्र प्रयास करना चाहिए, कार्यक्रम को महासंघ के संयोजक अनिल वाजपेयी ने भी संबोधित किया. इससे पूर्व महासंघ के अध्यक्ष शाहवर खान ने विधायक सबनानी सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया.

### सर्वसम्मति से लिया निर्णय

महासंघ के अध्यक्ष शाहवर खान ने बताया कि महासंघ के सभी सदस्यों एवं कर्मचारी नेताओं ने सर्वसम्मति से भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी को संस्था का मुख्य संरक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया. इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारी बलवंत सिंह रघुवंशी, गजेंद्र कोठारी, उपाध्यक्ष संजय भारद्वाज, चंद्रभानु राय, आरिफउद्दीन, देवेंद्र कुशवाह, अवधेश राजपूत, धर्मेंद्र तिवारी, प्रीतम सिंह, हनीफ मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## सीएम से मिले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रतिनिधि

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की. प्रतिनिधिमंडल ने सिंहस्थ-2028 की तैयारी और तत्समय विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रबंधन सहित प्रदेश में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई.

बैठक में एनडीएमए के सदस्य कृष्णा एस. वत्सा, कर्नल केपी. सिंह तथा गृह सचिव, मप्र शासन सुश्री कृष्णा वेणी देसावतु सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे.

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने किया कार्यभार ग्रहण



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 मई. मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नवनियुक्त सदस्य सोनम निनामा एवं अर्चना गुप्ता अधिवक्ता ने सोमवार को सदस्य पद का कार्यभार ग्रहण किया.**

आयोग के सचिव एमएल. मेहरा ने दोनों सदस्यों को विधिवत पदभार ग्रहण कराया. उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने बीते 15 मई को जारी आदेश में दोनों की नियुक्ति मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य के रूप में की है. इस अवसर पर आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं दीं.

# राइस ब्रॉन ऑयल मिल में आग, 1 मृत 1 गंभीर

▸ आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 18 मई. शहर से सटे सतना नदी क्षेत्र में अमरपाटन रोड पर स्थित राइस ब्रॉन ऑयल मिल में सोमवार शाम भीषण आग लगने एक कर्मचारी जहां जिंदा जल गया, वहीं दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा है. आग की भयावहता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई दमकल देर रात तक कड़ी मशक्कत करती रहीं.**



वहीं मृत कर्मचारी के आक्रोशित परिजनों ने मार्ग पर जाम लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना नदी के निकट अमरपाटन रोड पर स्थित विद्याश्री राइस ब्रॉन आयल मिल में सोमवार शाम लगभग 8 बजे भीषण आग भड़क उठी. चूंकि मिल के अंदर चावल की भूसी का स्टॉक टनों में रखा हुआ था. जिसके चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रुप ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि मिल में कार्य करने वाले दो कर्मचारी उसमें फंस कर रह गए. शोर मचाकर उन्होंने बचाने की गुहार लगाई. लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए किसी ने भी उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं जुटाई. जिसका नतीजा यह हुआ कि मिल का एक कर्मचारी दिलावर सिंह परिहार निवासी तिघरा की आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दूसरा कर्मचारी मुन्नू केवट गंभीर तौर पर झुलस गया. घटना की सूचना आनन-फानन में दमकल को दी गई. जिसके चलते नगर निगम के दमकल वाहन एक एक करके मौके पर पहुंचने लगे. फायर फाइटर्स द्वारा आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश की. इसी दौरान एक हिस्से पर आग की पकड़ कमजोर होते ही आग से झुलसे कर्मचारी को बाहर निकालकर फौरन जिला चिकित्सालय भेजा गया. उसकी हालत स्थिर बताई गई. वहीं दिलावर की आग में जलने की जानकारी सामने आते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा. परिजन व ग्रामीण सड़क को जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे. जिसे देखते हुए एसडीएम और सीएसपी द्वारा उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया गया. समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था.

# समान काम ,समान वेतन का निर्धारण करें

▸ बैठक में मंत्री पहलाद पटेल ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल,18 मई. पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में मप्र राज्य आजीविका मिशन फोरम की शासी निकाय की बैठक ली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की.**



बैठक में विगत बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए मंत्री पटेल ने आजीविका मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों के एचआर मैनुअल पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विभाग में समान कार्य के लिए समान वेतन का निर्धारण किया जाए और आवश्यकतानुसार पदों का युक्तियुक्तकरण भी किया जाए. इसके साथ ही, उन्होंने योजनाओं के बेहतर वित्तीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही, जिससे क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध रहे और विभाग की लायबिलिटी कम हो सकें.

### आजीविका पुस्तकालयों की समीक्षा

बैठक में मंत्री पटेल ने जनोपयोगी सुविधाओं के लिए वन भूमि के उपयोग की अनुमति देने वाले नए वेब पोर्टल और मोबाइल एप एफआरए लैंड डायवर्शन की सराहना की.उन्होंने कहा कि इस पारदर्शी, सुगम और त्वरित प्रक्रिया से वन भूमि पर रहने वाले अनुसूचित जनजाति के कृषकों और मजदूरों को बड़ी सुगमता होगी. इसके साथ ही, प्रदेश के 52 जिलों में स्थापित 85 आजीविका पुस्तकालयों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन केंद्रों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से स्किल ट्रेनिंग देने पर जोर दिया. उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा और अन्य आवश्यक कौशलों में प्रशिक्षित करने के लिए केंद्रीकृत वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए.


IIFL FINANCE | गोल्ड लोन

**PUBLIC NOTICE**

The branch of IIFL Finance Ltd. located at Ground Floor, Near Ghantaghar Chowk, Indira Gandhi Ward, Harda - 461331, will be shifting to below mentioned address with effect from 20.08.2026.

**New Address: IIFL Finance Limited, No. C 33/34, Prakash Tower Nehru Colony, Near Sabji Mandi, Harda - 461331.**

**Contact No.: 02265917778**

All existing services can be availed at the new location.

**सार्वजनिक सूचना**

ग्राउंड फ्लोर, घंटाघर चौक के पास, इंदिरा गांधी वार्ड, हरदा - 461331, पर स्थित आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की शाखा 20.08.2026 से नीचे दिए गए पते पर स्थानांतरित किया जाएगा।

**नया पता: आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड, नंबर सी 33/34, प्रकाश टावर नेहरू कॉलोनी, सब्जी मंडी के पास, हरदा - 461331।**

**संपर्क: 02265917778**

सभी मौजूदा सेवाएँ इस नई शाखा से हासिल की जा सकती हैं।

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री संतराम, श्रीलाल धाकड़, श्रीमती कल्पना बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10433244) | पटवारी हल्का सं.03, ख.सं. 151, 188, उमरथाना, आंगनबाड़ी, ग्राम तोद्रा, मकुसुदनगढ़, गुना, म.प्र.-473118, भारत में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्रफल, कालीनक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.00, 712.00, 890.00 | रू. 326238/- (तीन लाख छब्बीस हजार दो सौ अड़तीस मात्र) | 27/10/2025 | 15/05/2026 |
| श्री राजकुमार श्रीमती रेनू प्रजापति (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10849396) | प्लॉट सं.242/62, ख.सं. 479, ग्राम सिरचोपी, पी.एच.एन. 27, आर. एन. एम. बीना, सागर, म.प्र.- 470113 का संपूर्ण भूभाग। क्षेत्रफल (वर्गफुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 837 | रू. 569029/- (पाँच लाख उनत्तर हजार उनतीस मात्र) | 05/01/2026 | 13/05/2026 |
| श्री संदीप, श्री रामू श्रीमती पूनम साकेत, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10393402) | पटवारी हल्का क्रमांक 28, खरसा क्रमांक 335, का पूरा भूखंड क्षेत्रफल 625 वर्ग फुट, ग्राम बरेथा, कुरवाई, विदिशा, मध्य प्रदेश-464224 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफल: 625.00, 500.00, 400.00 | रू. 241032/- (दो लाख इकतालीस हजार बत्तीस मात्र) | 22/10/2025 | 15/05/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः 249, द इंफिनिटी, प्रथम मंजिल, मध्य प्रदेश नगर जोन II, तुलसी होटल के निकट, भोपाल -462011/ या कॉपोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

**स्थानः भोपाल**
**दिनांकः 19.05.2026**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।**

**NAME CHANGE**

I MANISH NIGAM S/O. BRAJESH KUMAR NIGAM R/O. Ballab Bhai Patel, Ward No - 10, Lavkush Nagar, Lavkush Nagar, Laundi, Chhatarpur, Madhya Pradesh - 471515, have changed the name of my minor Daughter Ms. SHREENIKA NIGAM aged 4 years and she shall hereafter be known as ANANYA NIGAM.

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD HUSAIN House No-09, ward no-06, Agar Malwa (M.P). I Declare that my old name was " MOHAMMAD HUSAIN MULTANI " (old name) now has to changed MOHAMMAD HUSAIN (new name): henceforth, I Shall be Known as " MOHAMMAD HUSAIN S/O KAREEM KHAN MULTANI ", in future for all purpose including all the official documentations.

**Office of Ujjain Development Authority, Ujjain**

Vishal Bhawan, Bharatpuri Administrative Area, Dewas Road, Ujjain – 456010
E-mail: udaujjain@gmail.comWebsite: www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following works. Detailed tender details can be found on the website:https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender Number & Date of Issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/65/26 Date: 08/05/2026 2026_DTCP_506163_1 | Construction of Commercial Cum Residential Complex at Shipra Vihar, Dewas Road, Ujjain (Second Call) | 69,86,76,000 540 Days | 59,000/- 34,93,380/- | 30-May-2026 |
| 2 | UDA/ET/66/26 Date: 08/05/2026 2026_DTCP_506304_1 | Comprehensive Development of Angareshwar Mahadev Temple, Ujjain | 66,14,81,838 365 Days | 59,000/- 33,07,410/- | 01-June-2026 |
| 3 | UDA/ET/67/26 Date: 11/05/2026 2026_DTCP_506681_1 | Remaining Interior Furnishing Works at UDA, Ujjain | 1,03,96,1491 80 Days | 13,625/- 1,03,961/- | 02-June-2026 |
| 4 | UDA/ET/77/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_508026_1 | Proposed Construction of a 9-Meter-Wide Road with a Length of 6.1 km on the Eastern Side of the Kshipra River (Second Call) | 34,53,81,814 365 Days | 59,000/- 17,26,909/- | 29-May-2026 |
| 5 | UDA/ET/76/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507987_1 | Ankapat Chourahe Khakchouk Chourahe to Mangalnath Marg Widening Work, Ujjain (Second Call) | 42,97,61,835 365 Days | 59,000/- 21,49,000/- | 29-May-2026 |
| 6 | UDA/ET/73/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507688_1 | Construction of Proposed Road of Block 1A and 2 (Package 1) at Ujjain (Second Call) | 1,37,78,63,062 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |
| 7 | UDA/ET/74/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507884_1 | Construction of Proposed Road of Block 1B (Package 2) at Ujjain (Second Call) | 1,49,53,93,530 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |
| 8 | UDA/ET/75/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507897_1 | Construction of Proposed Road of Block 3 and 4 (Package 3) at Ujjain (Second Call) | 1,26,13,58,238 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |

**Executive Engineer**
**Ujjain Development Authority, Ujjain**